सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

PRGI. No. RAJBIL/2023/88629

खबरों के लिए स्कैन करें

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 2 | अंक 16 | अजमेर, सोमवार 10 फरवरी 2025 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

# दिल्ली में 27 साल बाद खिला कमल



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली में ऐतिहासिक जीत के साथ सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी को बाहर का रास्ता दिखते हुए 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में दो तिहाई बहुमत के साथ वापसी की है।दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए हुए चुनाव के शनिवार को घोषित नतीजों में भाजपा को 48 सीटों पर जीत हासिल हुई है जबकि आप 22 सीटें मिली। कांग्रेस इस विधानसभा चुनाव में शून्य की हैट्रिक लगाते हुए एक बार फिर खाता तक नहीं खोल सकी। दिल्ली में सत्ता विरोधी लहर इतनी जबरदस्त थी कि आप के शीर्ष नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके निकटतम सहयोगी तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी चुनाव हार गए। मंत्रिमंडल के दो मंत्री भी चुनाव हार गए हैं। नई दिल्ली सीट पर केजरीवाल को भाजपा के प्रवेश वर्मा ने 4089 मतों से हराया। पटपड़गंज सीट बदलकर जंगपुरा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे सिसोदिया को भी हार का सामना करना पड़ा। हालांकि कड़े मुकाबले में मुख्यमंत्री आतिशी कालकाजी सीट से जीत गईं। इन दोनों सीटों पर कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही। कांग्रेस ने नई दिल्ली से संदीप दीक्षित तथा कालकाजी सीट पर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा को चुनाव मैदान में उतारा था।आप ने 2015 के चुनाव में 70 में से 67 सीटें जीतकर सबको चौंका दिया था और फिर 2020 में 62 सीटें जीतकर सत्ता में वापसी की थी। केजरीवाल को इस बार भी उसी प्रदर्शन की उम्मीद थी लेकिन भाजपा की भारी जीत ने उसे 22 सीटों पर सिमट कर रख दिया।

केजरीवाल ने हार स्वीकारते हुए कहा कि जनता ने जो निर्णय दिया उसे वह विनम्रता के साथ स्वीकार करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिस आशा के साथ लोगों ने भाजपा को बहुमत दिया है वह उन सभी उम्मीदों और आशाओं पर खरा उतरेगी। मुख्यमंत्री आतिशी ने जनादेश स्वीकार करते हुए कहा है कि वह जीत अवश्य गई हैं लेकिन आम आदमी पार्टी का संघर्ष दिल्ली की जनता के लिए जारी रहेगा।

भाजपा नेताओं ने इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को दिया है और कहा है कि यह परिणाम मोदी पर जनता के विश्वास का प्रतीक है। मोदी ने जीत को विकास एवं सुशासन की जीत करार दिया और कहा कि वह दिल्ली के चहुंमुखी विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

## दिल्ली में विकास सुशासन की जीत - प्रधानमंत्री मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत को विकास एवं सुशासन की जीत करार दिया और कहा कि वह दिल्ली के चहुंमुखी विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा कि जनशक्ति सर्वोपरि! विकास जीता सुशासन जीता। दिल्ली के अपने सभी भाई-बहनों को भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए मेरा वंदन और अभिनंदन! आपने जो भरपूर आशीर्वाद और स्नेह दिया हैए उसके लिए आप सभी का हृदय से बहुत.बहुत आभार।प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली के चौतरफा विकास और यहां के लोगों का जीवन उत्तम बनाने के लिए हम कोई कोर.कसर नहीं छोड़ेंगे यह हमारी गारंटी है। इसके साथ ही हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि विकसित भारत के निर्माण में दिल्ली की अहम भूमिका हो।

उन्होंने कहा कि मुझे भाजपा के अपने सभी कार्यकर्ताओं पर बहुत गर्व है जिन्होंने इस प्रचंड जनादेश के लिए दिन-रात एक कर दिया। अब हम और भी अधिक मजबूती से अपने दिल्लीवासियों की सेवा में समर्पित रहेंगे।



## भाजपा में दिल्ली की नई सरकार के गठन और मुख्यमंत्री तय करने की कवायद शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व ने दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की नई सरकार के गठन को लेकर विचार मंथन शुरू कर दिया।

दिल्ली के नए मुख्यमंत्री एवं मंत्रिमंडल के सदस्यों के नामों पर विचार के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निवास पर रविवार को एक बैठक हुई जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा भी शामिल हुए। बैठक में भाजपा विधायक दल की बैठक बुलाने और केंद्रीय पर्यवेक्षक तय करने पर भी बातचीत होनी है।

गौरतलब है कि भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचंड विजयी हासिल की है। पार्टी ने 48 सीटें जीत कर 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी की है। इस जीत के बाद पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह का माहौल है। पार्टी के विजयी उम्मीदवार अपने-अपने क्षेत्र में जुलूस निकाल कर रहे हैं। वहीं नई दिल्ली विधानसभा सीट पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को शिकस्त देने वाले भाजपा के विजयी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा बिजवासन विधानसभा सीट से पार्टी के विजयी उम्मीदवार कैलाश गहलोत और गांधी नगर विधानसभा सीट से पार्टी के विजयी उम्मीदवार अरविंदर सिंह लवली ने राज निवास जाकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना से रविवार को मुलाकात की। इन नेताओं ने सक्सेना से मुलाकात के बाद कहा कि उन्होंने उपरा'यपाल से शिष्टाचार भेंट की है।वहीं सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने बदलाव के लिए वोट दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व के लिए वोट दिया है। उन्होंने कहा कि हम अपने संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करेंगे। दिल्ली को विकसित भारत की विकसित राजधानी बनाएंगे।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की 48 सीटों पर जीत दो तिहाई बहुमत हासिल



नई दिल्ली। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के परिणाम में भारतीय जनता पार्टी ने 48 सीटों पर जीत के साथ दो तिहाई बहुमत हासिल कर लिया है। चुनाव आयोग की ओर से जारी परिणाम के अनुसार भाजपा के 48 और आम आदमी पार्टी ;आप के 22 उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है जबकि कांग्रेस इस चुनाव में अपना खाता भी नहीं खोल पाई। विधानसभा क्षेत्रवार विजयी उम्मीदवारों की सूची इस प्रकार है।

निर्वाचन क्षेत्र विजयी उम्मीदवार नाम पार्टी का नाम :-1.आदर्श नगर राज कुमार भाटिया भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2. अम्बेडकर नगर डॉ. अजय दत्त आम आदमी पार्टी (आप) 3. बाबरपुर गोपाल राय (आप) 4. बदरपुर राम सिंह नेताजी (आप) 5. बादली अहिर दीपक चौधरी (भाजपा) 6. बल्लीमारान इमरान हुसैन (आप) 7. बबाना रविन्द्र इन्द्राज सिंह (भाजपा) 8.बिजवासन कैलाश गहलोत (भाजपा) 9. बुराड़ी संजीव झा (आप) 10. चांदनी चौक पुनरदीप सिंह साहनी सैबी (आप) 11. छतरपुर करतार सिंह तंवर (भाजपा) 12. दिल्ली कैंट विरेन्द्र सिंह कादियान (आप) 13.देवली प्रेम चौहान (आप) 14. द्वारका प्रद्युम्न सिंह राजपूत (भाजपा) 15. गांधीनगर अरविन्दर सिंह लवली (भाजपा) 16.घोंडा अजय महावर (भाजपा) 17. गोकुलपुरी सुरेन्द्र कुमार (आप) 18. ग्रेटर कैलाश शिखा रॉय (भाजपा) 19. हरिनगर श्याम शर्मा (भाजपा) 20. जनकपुरी आशीष सूद (भाजपा) 21. जंगपुरा तरविन्दर सिंह मारवाह (भाजपा) 22. कालकाजी आतिशी (आप) 23.करावल नगर कपिल मिश्रा (भाजपा) 24. करोलबाग विशेष रवि (आप) 25. कस्तूरबानगर नीरज बैसोया (भाजपा) 26.किराड़ी अनिल झा (आप)27. कोंडली कुलदीप कुमार (आप) 28.कृष्णा नगर डॉ.अनिल गोयल (भाजपा) 29.लक्ष्मीनगर अभय वर्मा (भाजपा) 30.मादीपुर कैलाश गंगवाल (भाजपा) 31.मालवीय नगर सतीश उपाध्याय (भाजपा) 32. मंगोलपुरी राज कुमार चौहान (भाजपा) 33. मटिया महल आले मोहम्मद इक़बाल (आप) 34.मटियाला संदीप सहरावत (भाजपा) 35.महरौली गजेन्दर सिंह यादव (भाजपा) 36.मॉडल टाउन अशोक गोयल (भाजपा) 37.मोती नगर हरीश खुराना (भाजपा) 38.मुंडका गजेन्द्र दराल (भाजपा) 39.मुस्तफ़ाबाद मोहन सिंह बिष्ट (भाजपा) 40.नजफ़गढ नीलम पहलवान (भाजपा) 41.नागलोई जाट मनोज कुमार शौकीन (भाजपा) 42.नरेला राज करन खत्री (भाजपा) 43.नई दिल्ली प्रवेश साहिब सिंह (भाजपा) 44.ओखला अमानतुल्लाह खान (आप) 45.पालम कुलदीप सोलंकी (भाजपा) 46.पटेल नगर प्रवेश रत्न (आप) 47.पटपड़गंज रविन्दर सिंह नेगी ;रवि नेगी(भाजपा) 48.आर के पुरम अनिल कुमार शर्मा (भाजपा) 49.राजेन्द्र नगर उमंग बजाज (भाजपा) 50. राजौरी गार्डन मनजिंदर सिंह सिरसा (भाजपा) 51.रिठाला कुलवंत राणा (भाजपा) 52.रोहणी विजेंद्र गुप्ता (भाजपा) 53. रोहतास नगर जितेन्द्र महाजन (भाजपा) 54. सदर बाजार सोम दत्त (आप) 55. संगम विहार चन्दन कुमार चौधरी (भाजपा) 56. सीलम पुर चौधरी ज़ुबैर अहमद (आप) 57. सीमापुरी वीर सिंह धिंगान (आप) 58. शाहदरा संजय गोयल (भाजपा) 59. शकूर बस्ती करनैल सिंह (भाजपा) 60. शालीमार बाग रेखा गुप्ता (भाजपा) 61. सुलतानपुर माजार मुकेश कुमार अहलावत (आप) 62.तिलक नगर जरनैल सिंह (आप) 63. तिमारपुर सूर्य प्रकाश खत्री (भाजपा) 64. त्रिनगर तिलक राम गुप्ता (भाजपा) 65. त्रिलोकपुरी रवि कांत (भाजपा) 66. तुगलगाबाद सही राम (आप) 67. उत्तमनगर पवन शर्मा (भाजपा) 68.विकासपुरी पंकज कुमार सिंह (भाजपा) 69.विश्वास नगर ओम प्रकाश शर्मा (भाजपा) 70. वजीरपुर पूनम शर्मा (भाजपा)।

## सम्पादकीय

# आम आदमी पार्टी की हार, भाजपा की सरकार

कहा जाता है कि जिसको जल्दी सफलता मिलती है वह उस सफलता को यथावत नहीं रख सकता। जिसको संघर्ष के बाद सफलता मिलती है वह स्थायित्व को प्राप्त कर सकती है क्योंकि संघर्ष करने से अनुभव आता है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को ऐसी ही सफलता मिली जिसे संभालने का राजनीतिक अनुभव उनके पास नहीं था। लोक लुभावन वादे एक निश्चित अवधि तक ही सुख का अनुभव करा सकते हैं वह लम्बे समय तक सफलता का आधार नहीं बन सकता। दिल्ली के विधानसभा चुनाव में लगभग यही दिखाई दिया। केजरीवाल को बिना लम्बे परिश्रम के सत्ता मिल गई जिसे वे स्थायित्व नहीं दे सके। वे खुद भी चुनाव हार गए और उनके बाद आम आदमी पार्टी में दूसरे नंबर पर आने वाले नेता मनीष सिसोदिया को भी पराजय का सामना करना पड़ा। दिल्ली राज्य में विधानसभा की तस्वीर लगभग साफहो चुकी है। इसमें अब तक अपने आपको अपराजेय मान रही आम आदमी पार्टी को बहुत बड़ी निराशा हाथ लगी है। भारतीय जनता पार्टी ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने के साथ ही सरकार बनने का रास्ता साफकर दिया है। चुनाव परिणाम के बारे में अध्ययन किया जाए तो यह ध्यान में आता है कि आम आदमी पार्टी का सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस ने किया है। इससे विपक्ष का वोट विभाजित हो गया। इसका आशय यह भी है कि पिछले चुनाव में आम आदमी पार्टी को जो आशातीत समर्थन मिलाए वह समर्थन केवल आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं के प्रति पूरा समर्थन नहीं था। कहा जाता है कि पिछले चुनाव में अगर कांग्रेस का अंदरूनी समर्थन नहीं होता तो आम आदमी पार्टी राजनीतिक आकाश में चमक नहीं बिखेर सकती थी। इस पर एक बात कहना बहुत ही आवश्यक है कि जो दूसरों की शक्ति से चमकते हैं उनकी चमक लम्बे समय तक नहीं रहती। केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की चमक ऐसी ही थी। जहां तक पंजाब में सरकार बनाने की बात है तो यही कहना समुचित होगा कि वहां चुनाव के समय दिल्ली की योजनाओं को प्रचारित किया गयाए जिसका राजनीतिक लाभ आम आदमी पार्टी को मिला।दिल्ली के विधानसभा चुनाव परिणाम का अध्ययन किया जाए तो यही परिलक्षित होता है कि इस बार अरविन्द केजरीवाल ने कांग्रेस को आईना दिखाने के प्रयास में अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने का ही काम किया है। अगर अरविन्द केजरीवाल कांग्रेस की बात मानकर गठबंधन कर लेते तो चुनाव परिणाम की तस्वीर कुछ और ही होतीए लेकिन अरविन्द केजरीवाल का अहंकार ही उनको ले डूबा। हम जानते हैं कि एक बार आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि मोदी जी दिल्ली में आम आदमी पार्टी को इस जन्म में तो आप हरा नहीं सकते। ऐसी भाषा को सुनकर यही लगता है कि केजरीवाल को अहंकार हो गया था। दूसरी बड़ी बात यह है कि उन पर भ्रष्टाचार के बड़े आरोप लगे थेए इन सब आरोपों पर उन्होंने हमेशा भाजपा पर निशाना साधने का काम किया। जबकि यह सारा काम जांच एजेंसियों और सर्वोच्च न्यायालय ने किया। अरविन्द केजरीवाल को जेल भेजने का निर्णय सर्वोच्च न्यायालय का थाए लेकिन उनका आरोप भाजपा पर था। दिल्ली की जनता ने केजरीवाल की इस बात को झूंठ ही माना। आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल इस तथ्य को भूल गए कि भारतीय जनता पार्टी का भी दिल्ली में व्यापक राजनीतिक प्रभाव है। लोकसभा के चुनाव में भाजपा को दिल्ली की सभी सीट प्राप्त होनाए इसको प्रमाणित भी करता है। विधानसभा में भाजपा को भले ही कम सफलता मिली हो लेकिन इससे भाजपा के राजनीतिक प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता। बड़ी बात यह भी है कि भाजपा ने भी इस चुनाव को आम आदमी पार्टी की तर्ज पर ही लड़ा। भाजपा ने लोहे को लोहे से काटने की रणनीति पर काम कियाए जिसमें भाजपा ने बाजी मार ली। दिल्ली के चुनाव में इस बार जिस प्रकार से आधुनिक संचार तकनीक का प्रयोग किया गयाए उसने भी केजरीवाल की कथनी और करनी की भिन्नता को ही उजागर किया। केजरीवाल एक बात पर टिके दिखाई नहीं दिए। वे कभी कुछ तो कभी उसके विपरीत दिखाई दिए। यमुना साफकरने के नाम पर बार बार वादे करना आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के लिए भारी पड़ गया। यह बात सही है कि वादे करना सरल है उनको पूरा करना उतना ही कठिन है। केजरीवाल जो वादे कर रहे थे वे वही वादे थे जो उन्होंने दस वर्ष पूर्व किए थे। उनमें से कई बड़े वादे अब तक पूरे नहीं किए जा सके। सबसे बड़ा वादा यमुना साफकरने का ही था। इसके अलावा भ्रष्टाचार समाप्त करने के नाम पर गठित आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल खुद ही भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की हवा खा चुके थे।

## श्री क्षत्रिय फूल मालियान सामूहिक विवाह सम्मेलन

# किशनगढ़ में माली-सैनी समाज के 17 जोड़ों ने लिए सात फेरे





किशनगढ़। महात्मा ज्योतिबाफूले शिक्षण एवं विकास संस्थान किशनगढ की ओर से 11वें क्षत्रिय फूलमालियान सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन 2 फरवरी को गांधीनगर स्थित माली समाज छात्रावास परिसर में हुआ। इस मौके पर 17 जोडों का विवाह संपन्न कराया गया। हजारों की संख्या में समाज बंधुओं ने आयोजन में शिरकत कर नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। माली सैनी समाज के भामाशाहों और समाजसेवकों की ओर से मिले सहयोग से विवाह सम्मेलन ऐतिहासिक बन गया।

## कार्यकर्ताओं के टीम वर्क से हुआ काम

समिति अध्यक्ष नंदलाल सैनी ने बताया कि विवाह समारोह की तैयारियों को अमलीजामा पहनाने व व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन में करीब 300 युवा कार्यकर्ताओं की टीम हर मोर्चे पर डटी रही। विभिन्न कमेटियों के पदाधिकारियों ने भी समारोह को सफल बनाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोडी। आयोजन के दौरान वर व वधु पक्ष के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने में समाज की महिला सदस्यों ने सक्रिय भूमिका अदा की। हजारों की संख्या के बावजूद भोजनशालाए वाहन स्टेंड समेत अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रहीं।

## समिति ने आभूषणों समेत दिया गृहस्थी का सामान

सामूहिक विवाह समिति की ओर से प्रत्येक जोडे को गृहस्थी में उपयोगी सामान प्रदान किया गया। इसमें सोने व चांदी के आभूषण, डबल बेड, गद्दा, अलमारी, एलईडी टीवी, कुर्सियां समेत अन्य उपयोगी सामान शामिल है। इसके अतिरिक्त समाजसेवी बंधुओं की ओर से भेंट किए गए उपहार भी प्रदान किए गए।

## विशाल बारात, अचंभित हुए नगरवासी

पूर्वाहन में निर्धारित समय पर डाक बंगले से गाजे बाजे के साथ बारात की सामूहिक निकासी हुई। सभी 17 दूल्हों के परिजन एवं समाज बंधु बारात के रूप में साथ चले। विशाल बारात के इस नजारे को देख नगरवासी भी अचंभित रह गए। मार्ग में जगह जगह समाजबंधुओं के साथ ही विभिन्न संस्थाओं ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया गया। ढोल की थाप पर महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य किए तथा मंगल गीत गाने का सिलसिला चलता रहा।

## वरमाला के दौरान जमकर पुष्पवर्षा

गांधीनगर में माली समाज छात्रावास स्थित विवाह समारोह स्थल पर बारात आते ही वधु पक्ष समेत आयोजन समिति के सदस्यों ने अगवानी की तथा जमकर पुष्प बरसाए। सभी दूल्हों ने तोरण की रस्म अदा की। इसके बाद दूल्हों और दुल्हनों को मंच तक ले जाया गया। प्रदेशभर से आए अतिथियों समेत करीब 14 हजार समाज बंधुओं की मौजूदगी में तय मुहूर्त पर वरमाला कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## भामाशाहों व सहयोगियों का सम्मान

क्षत्रिय फूलमालियान सामूहिक विवाह समिति की ओर से समाज के भामाशाहों और विशेष सहयोग करने वाले समाजबंधुओं का साफ पहनाकरए शॉल ओढाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान पांडाल लगातार तालियों की गडगडाहट और समाज के आराध्य संत लिखमिदासजी महाराज के जयकारों से गूंजता रहा। इस मौके पर किशनगढ विधायक विकास चौधरी, बांदीकुई विधायक भागचंद सैनी, विवाह समिति अध्यक्ष नंदलाल सैनी, राजेन्द्रमहावर, पुखराज कुंवाल, रतन सांखला, तुलसीराम इंदौरा,कानमल इंदौरा, विश्राम डारीवाल समेत बडी संख्या में समाज के गणमान्यजन मौजूद रहे।

## 17 जोडों ने लिए फेरे अविनाश गहलोत भी पहुंचे

विद्वान पडितों ने सभी 17 जोडों का विधि विधान से पाणिग्रहण संस्कार कराया। नवविवाहित जोडों को समाज के बुजुर्गों व जनप्रतिनिधियों ने आशीर्वाद दिया। विदाई के समय समाज कल्याण मंत्री अविनाश गहलोत स्वयं मौजूद रहे। उन्होंने विशाल आयोजन की सफलता के लिए समिति और समस्त समाजबंधुओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि माली समाज को इस तरह आगे बढते देख मन बहुत प्रफुल्लित हो गया। समाज के हर आग्रह को वे आदेश की तरह मानेंगे।

## सांसद भागीरथ चौधरी की ओर से मिला संबल

केन्द्रीय मंत्री एवं अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी के पुत्र सुभाष ने समारोह में उनके प्रतिनिधि के रूप में शिरकत की। उन्होंने माली समाज के विशाल आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यहां जमा हजारों लोगों की भीड इस बात की गवाह है कि समिति ने खूब मेहनत की है। उन्होंने समाज को पूर्व में आवंटित कराई गई भूमि के अलावा पांच लाख रुपए की अतिरिक्त सहयोग राशि प्रदान किए जाने की घोषणा करते हुए भविष्य में भी हर तरह से सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिलाया।

# धन-दौलत के चक्कर में पड़ने के कारण हुई केजरीवाल की हार-अन्ना हजारे

नई दिल्ली। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के राजनीतिक गुरु एवं सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा है कि शराब की दुकानों पर ध्यान केंद्रित करने और धन-दौलत के चक्कर में पड़ने के कारण उनकी ;श्री केजरीवाल हार हुई है।



अन्ना हजारे ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के रूझानों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मैं पहले से कह रहा हूं कि चुनाव लड़ते समय एक उम्मीदवार का चरित्र अच्छा होना चाहिए। उनके विचार अच्छे होने चाहिए और छवि पर कोई दाग नहीं होना चाहिए। जीवन में त्याग होना चाहिए और अपने अपमान को पीने की शक्ति होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि मैंने उन्हें ;केजरीवाल बार-बार इस बारे में बताया लेकिन उन्हें समझ नहीं आया। इस बीच शराब का मुद्दा आया। शराब क्यों आई लालच और पैसे के कारण। उन्होंने कहा कि वह शराब और पैसे में उलझ गए जिसके कारण उनकी छवि खराब हुई इसलिए उन्हें चुनाव में कम वोट मिले और आम आदमी पार्टी चुनाव हार गई। गौरतलब है कि 12 साल बाद आप की दिल्ली की सत्ता से विदाई हुई है।

# मोदी पर जनता के विश्वास ने दिल्ली में आप पर फेरा झाड़ू -सुरेश रावत



जयपुर। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने दिल्ली विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को हार्दिक बधाई दी है।उन्होंने कहा कि यह जीत न केवल केंद्र की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की सफलता का प्रतीक है बल्कि दिल्ली की जनता द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी आम आदमी पार्टी के कुशासन और भ्रष्टाचार के खिलाफ दिल्ली की जनता द्वारा उठाए गए बड़े कदम का ही प्रमाण है। जनता ने खुद पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मंत्री मनीष सिसोदिया जैसे सभी आम आदमी पार्टी के प्रमुख नेताओं को घर बिठाकर आप पार्टी के भ्रष्टाचार पर मोहर भी लगाई है।कैबिनेट मंत्री रावत ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा को मिली यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा जनता के हित में की गई कल्याणकारी नीतियों का परिणाम है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देशभर में जनकल्याण और विकास की गति को बल मिला हैए जिसके चलते जनता भाजपा के साथ खड़ी हुई है। विशेष रूप से दिल्ली मेंए जहां आम आदमी पार्टी की सरकार भ्रष्टाचार और कुशासन का प्रतीक बन चुकी थीए वहां की जनता ने भाजपा को पूर्ण बहुमत से सत्ता में लाकर यह साबित किया है कि उन्हें विकास और सुशासन की ही आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा जनहित को सर्वोपरि रखा है और उनकी नीतियों ने न केवल दिल्ली बल्कि पूरे देश में एक नई उम्मीद और विश्वास का निर्माण किया है। केंद्रीय सरकार की योजनाएंए जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत, और स्वच्छ भारत अभियान ने गरीबों और आम नागरिकों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाया है।रावत ने कहा कि दिल्ली की जनता ने यह निर्णय लिया कि वे किसी ऐसे नेता और पार्टी को नहीं चाहते जो भ्रष्टाचारए झूठ और केवल खुद के फायदे के लिए काम करे। इसलिए जनता ने दिल्ली से आम आदमी पार्टी को उखाड़ फेंका। भाजपा ने हमेशा राष्ट्रीय सुरक्षा शिक्षा, स्वास्थ्य, और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में अपना ध्यान केंद्रित किया है और हम दिल्ली में भी यही काम करेंगे।

## जनता की उम्मीदों आकांक्षाओं और विश्वास का परिणाम है दिल्ली की जीत- मदन राठौड़



जयपुर। राजस्थान के भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक जीत को जनता की उम्मीदों आकांक्षाओं और विश्वास का परिणाम बताते हुए कहा है कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओ की मेहनत का नतीजा है।राठौड़ ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए अपनी प्रतिक्रिया में यह बात कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने झूठे वादे करने और आश्वासन देने वालों को कडा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल भाजपा की नहीं बल्कि दिल्ली की जनता के विवेक साहस और संकल्प की जीत है। लंबे समय से दिल्ली की जनता एक ईमानदार और विकासोन्मुख सरकार की प्रतीक्षा कर रही थी और आखिरकार उन्होंने भाजपा को सत्ता सौंपकर उस इंतजार को समाप्त किया। यह जनता की जीत है जिसने अपने भविष्य के लिए सही निर्णय लिया है और यह फैसला दिल्ली को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

राठौड़ ने इस जीत को दिल्ली के जन.जन की आशाओं और आकांक्षाओं की जीत करार दिया जिनकी आवाज़ को बरसों से अनसुना किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि यह जीत उस महाठग कंपनी से आजादी की जीत है जिसने बरसों तक दिल्ली की जनता को छलने का काम किया। आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की सरकार ने केवल वादे किए लेकिन उनके शासन में दिल्लीवासी भ्रष्टाचार घोटालों और असफलताओं के जाल में फंसते चले गए। जनता ने अपने विवेक से उस ठग व्यवस्था को जड़ से उखाड़ फेंका है और अब दिल्ली एक नई दिशा में आगे बढ़ने को तैयार है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने केवल नारों और भाषणों के बल पर नहीं बल्कि अपने कामों और नीतियों से जनता का दिल जीता है। मोदी के नेतृत्व में दिल्लीवासियों ने विकास और प्रगति की दिशा में जो कदम बढ़ाया है वह केवल एक शुरुआत है। दिल्ली अब विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है।उन्होंने बताया कि अब यमुना नदी की सफाई का कार्य तेजी से शुरू किया जाएगा और यह मुद्दा भाजपा सरकार की प्राथमिकता में रहेगा। केजरीवाल सरकार ने यमुना की सफाई के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किए लेकिन धरातल पर कुछ नहीं हुआ। अब दिल्ली के लोग भाजपा के नेतृत्व में देखेंगे कि कैसे वास्तविक कार्य किया जाता है।

## भजनलाल की दिल्ली में जनसभाओं वाली 11 सीटों पर भाजपा जीती

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर कहा है कि लूट और झूठ वाले आप-दा की दिल्लीवासियों ने विदाई कर दी है और अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार दिल्ली का विकास करेगी। शर्मा ने दिल्ली में भाजपा की जीत पर अपनी प्रतिक्रिया में यह बात कही।उल्लेखनीय है कि शर्मा ने दिल्ली विधानसभा चुनावों में 11 सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार किया था। इन सीटों में रिठाला से कुलवंत राणा ने 29616 वोटों से जीत दर्ज की है। शालीमार बाग से रेखा गुप्ता 29595 वोटों से जीती है। शकूरबस्ती से करनेल सिंह 20998 वोटों से जीते है। त्रिनगर से तिलक राम गुप्ता को 15896 वोटों से जीत मिली है। मोतीनगर से हरीश खुराना 11657 वोटों के मार्जिन से जीते हैं।गांधीनगर से अरविंदर सिंह लवली का जीत का मार्जिन 12748 वोटों का रहा है। कृष्णा नगर से डॉ.अनिल गोयल 19498 वोटों से जीते है। रोहिणी से विजेन्द्र गुप्ता 37816 वोटों से जीते हैंए वहीं द्वारका से प्रद्युम्न सिंह राजपूत ने 7829 वोटों से जीत दर्ज की है। तिमारपुर से सूर्यप्रकाश खत्री 1024 वोटों से विजयी हुए है। मुंडका से गजेन्द्र द्राल भी 10 हजार से अधिक मतों से जीते।



## अयोध्या की मिल्कीपुर सीट से चंद्रभानु पासवान ने दर्ज की धमाकेदार जीत

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के 273.मिल्कीपुर विधानसभा सुरक्षित सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान ने करीब 61639 वोटों से जीत हासिल की है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार चन्द्रभानु पासवान ने 273. मिल्कीपुर विधानसभा सुरक्षित सीट से करीब 145893 वोट प्राप्त किए हैं जिसमें समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने 84254 वोट हासिल किया है। इनमें आजाद समाज पार्टी 5439 वोट तथा अन्य को 6755 वोट मिले हैं। कुल टोटल वोट 242341 प्राप्त हुए हैं।भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी कार्यालय में जश्न मनाते हुए भाजपा के नेताओं ने कहा कि यह लोकतंत्र की जीत हुई है। अब मिल्कीपुर विधानसभा में विकास की गंगा बहेगी, जिसको कोई रोक नहीं सकता है। कार्यालय में ढोल.नगाड़े बजने शुरू हो गए और होली जैसा माहौल दिखाई पड़ने लगा।भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पूर्व सांसद लल्लू सिंह सहित कई नेता कार्यालय में जश्न मनाने में व्यस्त नजर आए। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि यह लोकतंत्र की जीत के साथ.साथ अब मिल्कीपुर विधानसभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास की गंगा बहा देंगे। वहां की सडक़ों सहित सभी समस्याएं दूर हो जाएंगी।



## दिल्ली की जनता ने नकारात्मक राजनीति को नकारा-भागीरथ चौधरी

अजमेर किशनगढ़। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक एवं प्रचंड जीत पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने दिल्ली की जनता का आभार व्यक्त किया।



केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व भाजपा की राष्ट्रवादी एवं जनकल्याणकारी नीतियों और समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली में डबल इंजन सरकार आने से यहां का सर्वांगीण विकास होगा।

आमजन की सुविधा का ध्यान रखने के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती पर भी ध्यान दिया जाएगा। दिल्ली में भाजपा की जीत और प्रचंड बहुमत मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चौधरी ने कहा कि दिल्ली की देवतुल्य जनता ने अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के झूठे वादोंए नकारात्मक राजनीति और भ्रष्टाचार को सिरे से नकारते हुए भाजपा के सुशासन, पारदर्शिता और विकासवादी एजेंडे पर अपना भरोसा जताया है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नीतियों भाजपा के कुशल नेतृत्व और करोड़ों कार्यकर्ताओं की मेहनत का साकार रूप है। जनता ने भाजपा पर जो विश्वास जताया हैए हम उसे सेवा और विकास के संकल्प के साथ और अधिक मजबूत करेंगे।

### आतिशबाजी कर और मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया

चौधरी ने दिल्ली में भाजपा की अभूतपूर्व जीत पर अजमेर में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ आतिशबाजी कर और मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह विजय केवल भाजपा की नहीं बल्कि हर उस व्यक्ति की है जो राष्ट्र के उत्थान और जनसेवा के संकल्प से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा की यह जीत केवल चुनावी विजय नहीं बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए दिल्ली और पूरे देश में विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगी।

## प्रजापत समाज ने किया भाजपा देहात जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापत का स्वागत



अजमेर। भाजपा देहात जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापत का शनिवार को आदर्शनगर स्थित एक समारोह स्थल पर प्रजापत समाज के लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।समाज के लोगों ने जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापत को 21 किलो की माला पहनाई। इसी के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी माल्यार्पण कर स्वागत किया।समाज के पदाधिकारी मानमल प्रजापत ने बताया कि सभी समाज के महिला और पुरुषों ने जीतमल प्रजापत को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सहित संगठन पदाधिकारियों का आभार जताया।स्वागत कार्यक्रम में समाज के महिला व पुरुषों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी अरुण शर्मा, मनीष भडाना, पार्षद भोम सिंह राठौड़, पार्षद निर्मला शर्मा, नरेंद्र सिंह चुंडावत, पूर्व सरपंच घनश्याम जांगिड़, मोहित प्रजापतिए दिवांशु प्रजापतिए भूपेंद्र प्रजापति, सावित्री प्रजापति व गायत्री प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री निशंक की बेटी आरुषि के साथ करोड़ों की ठगी



हरिद्वार। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक की बेटी आरुषि निशंक से मुंबई के कथित फिल्म निर्माताओं ने पांच करोड़ रुपए की ठगी कर ली ठगी के आरोप में मुंबई के दो फिल्म प्रोड्यूसर मानसी वरुण बागला और वरुण प्रमोद कुमार बागला के खिलाफ देहरादून कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

बताया जा रहा है कि कथित निर्माताओं ने आरुषि से कहा कि एक फिल्म में मुख्य भूमिका है जिसे आरुषि को निभाने के लिए पांच करोड़ रुपए का निवेश करना होगा जिससे उन्हें फिल्म की आय में 20 प्रतिशत का लाभ मिलेगा। अगर अरुषि को स्क्रिप्ट पसंद नहीं आई या वह संतुष्ट नहीं हुई तो उनकी रकम 15 प्रतिशत ब्याज के साथ लौटा दी जाएगी।आरुषि ने इन बातों पर भरोसा कर लिया और 9 अक्टूबर 2024 को हिमश्री फिल्म्स और मिनी फिल्म्स के बीच एमओयू साइन हुआ। इसके बाद 10 अक्टूबर 2024 को उन्होंने पहली किश्त के रूप में दो करोड़ रुपए दिए लेकिन बाद में अलग.अलग दबाव और बहानों से उनसे 19 नवंबर 2024 को एक करोड़ए 27 अक्टूबर 2024 को 25 लाखए और 30 अक्टूबर 2024 को 75 लाख रुपए और ले लिए गए। इसके बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि आरुषि निशंक अभिनय क्षेत्र में सक्रिय हैं और उनकी कुछ फिल्में व्यावसायिक दृष्टि से सफल रही हैं।

## Ozone Forum of India by Bisleri Charitable Trust hosted Medical Ozone Longevity Healing Festival

Ramesh Chauhan, Chairman, Bisleri International Pvt Ltd, inaugurates the Ozone Forum of Indias 13th Annual International Conference 2025Ozone Forum of India is the first and only Ozone Therapy teaching and promoting organisation, whose aim is to provide scientific understanding for health in "holistic totality".Glimpse from Ozone Forum of Indias Medical Ozone Longevity Healing FestivalAs India's pioneer institute in ozone therapy education and promotion, the Ozone Forum of India facilitated comprehensive discussions on advancing holistic healthcare solutions. The conference was focusing on knowledge sharing and empowering doctors and health enthusiasts in the latest techniques and technologies of integrated medicine and holistic healing. It was a confluence of science & healing for improving patient's health and to provide better healing alternatives.



# महाकुंभ में कैबिनेट की बैठक करने वाला दूसरा राज्य बना राजस्थान





महाकुंभनगर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ में अपने कैबिनेट के साथ पुण्य की डुबकी लगाने के बाद कहा कि महाकुंभ हमारी संस्कृति और विरासत की पहचान है। शर्मा ने महाकुंभ को भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक बताया। स्नान के बाद मेला क्षेत्र में राजस्थान भवन में उनके अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक हुई जिसमें राजस्थान की जनता के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। महाकुंभ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट बैठक के बाद किसी राज्य सरकार की दूसरी कैबिनेट बैठक है।मंत्रिपरिषद की बैठक में देवस्थान विभाग से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें मंदिरों की भोगराग की राशि दो गुनी की गई। अंशकालीन पुजारियों का मानदेय बढ़ाकर 7500 रूपए किया गया और साथ ही राज्य में और राज्य के बाहर स्थित देवस्थान विभाग के मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए राशि स्वीकृत की गई। दिल्ली चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास है। दिल्ली की जनता ने भरोसा किया कि उनका विकास केवल डबल इंजन सरकार ही सुनिश्चित कर सकती हैए इसलिए उलन्होंने ऐतिहासिक बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनाई।

इस दौरान राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानीए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद वैरवा सहित मंत्रिगण, सांसदगण विधायकगण सहित गणमान्यजन उपस्थित थे। शर्मा गले में रूद्राक्ष की माला और भगवा गमछा डाले संगम तट पर कहा कि समुद्र मंथन के बाद हमारे ऋषि मुनि और संत उन्होंने हमारी संस्कृति के विरासत हैं। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस प्रकार से कहते हैं विकास और विरासत हमारे संतों की है। उन्होंने कहा कि हम भाग्यशाली है कि महाकुंभ 144 साल बाद आया है। संगम के चारों ओर जन सैलाब दिखाई पड़ रहा है। शर्मा ने कहा कि ऐसा आस्था का जनसैलाब दुनिया में और कहीं देखने को नहीं मिलता। यह आस्था केवल भारत वर्ष में ही मिलता है। उन्होंने महाकुंभ मेले की व्यवस्थाओं को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस प्रकार से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कार्य किए हैंए उनको धन्यवाद और साधुवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इतनी बड़ी व्यवस्था को बहुत ही शानदार ढंग से निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारी संस्कृति और विरासत वह है जो भारत को छोड़कर और कहीं देखने को नहीं मिलती।

उन्होंने कहा कि आज हर मानव के मन और मस्तिष्क से प्रफुल्लित होकर दुनिया के कोने कोने से यहां आ रहा है। जो भी विदेशी श्रद्धालु यहां आता है वह यहां की आध्यात्मिकता का कायल होकर बस यही कहता है जो अध्यात्म का वैभव यहां है दुनिया में कहीं नहीं। इतनी भीड़ एक साथ इतने लोगों को एक साथ स्नान करते देख अपने आप में एक दिवास्वप्न लगता है। धन्य है भारत।

## राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने महाकुम्भ में किया स्नान



जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को उत्तरप्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी संगम घाट पर पवित्र स्नान कर मां गंगा की पूजा अर्चना की। देवनानी ने इस इस पावन, ऐतिहासिक और सनातन संस्कृति के अदभुत मौके पर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि यह स्वर्णिम पावन अवसर 144 वर्ष बाद मिला है।उन्होंने कहा कि प्रयागराज में करोड़ों की संख्या में लोगों के पहुंचने के बावजूद भी वहां स्नान और पूजा अर्चना की बेहतरीनए स्वच्छ और सुरक्षित व्यवस्थाएं हैं। देवनानी ने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है। उन्होंने महाकुंभ में राजस्थान के मंत्रिमंडल और सभी विधायक को पवित्र स्नान कराने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

देवनानी ने कहा कि हमारे देश की प्राचीन संस्कृति और परम्परा समृद्ध है। ऐसी पुरातन एवं वैभवशाली सनातन संस्कृति और परम्परा दुनिया में कहीं और देखने को नहीं मिलती है। उन्होंने हवाई जहाज में मौजूद मंत्रिमंडल के सदस्य और विधायक के साथ जय श्रीराम के पावन शब्द एक स्वर में गुजायमान कर वातावरण को पावन सनातन संस्कृति और आध्यात्मिकता का बना दिया। उन्होंने प्रयागराज में पावन स्थल पर स्थापित मंदिरों के दर्शन किए और संतों का आशीर्वाद भी लिया।

## जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने संगम में लगाई पवित्र डुबकी



अजमेर/प्रयागराज। राजस्थान के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों और विधायकों के साथ कुंभ में त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मंत्री रावत और उनके साथ आए अन्य नेताओं ने देश और प्रदेश के सर्वांगीण कल्याण की कामना की। त्रिवेणी संगम पर स्नान और पूजा अर्चना करने के बाद मंत्री रावत ने इस धार्मिक स्थल को अपनी श्रद्धा अर्पित की और सभी लोगों के स्वास्थ्यए समृद्धि और शांति की कामना की।मंत्री रावत ने कहा कि यह पवित्र स्थान आस्था का प्रतीक है और यहां स्नान करने से न केवल शरीर को शुद्धि मिलती है बल्कि आत्मिक शांति भी प्राप्त होती है।

उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख.शांति और समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि हम सभी को इस सनातन धर्म और संस्कृति के महत्व को समझना चाहिए।यह आयोजन एक धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व का प्रतीक थाए जिसमें राजस्थान सरकार के प्रतिनिधि अपनी श्रद्धा और आस्था के निर्वाहन हेतु एकजुट हुए थे। अनंत काल तक मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती का प्रवाह निर्बाध रहे सबका मंगल एवं कल्याण होए ऐसी कामना करता हूं।

## मनोज त्यागी बोर्ड ऑफ डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन के राजस्थान कॉर्डिनेटर बने



अजमेर। पैरालम्पिक कमेटी ऑफ इंडिया से सम्बद्ध बोर्ड ऑफ डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन ;इंडिया के चेयरमैन मोहम्मद अली कुरैशी ने आदर्श नगर अजमेर निवासी मनोज त्यागी को एसोसिएशन के राजस्थान कॉर्डिनेटर की अहम जिम्मेदारी सौंपी है। एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी केण्रामी रेड्डी ने उम्मीद जताई कि त्यागी के अनुभवों से राज्य में बोर्ड की गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और संस्था मजबूत होगी। गौरतलब है कि विकलांग क्रिकेट संघ बोर्ड इंडिया का गठन 2007 में विकलांग लोगों के लिए क्रिकेट के खेल को बढ़ावा देने के मिशन के साथ किया गया था। संघ का उद्देश्य एक ऐसा मंच प्रदान करना है जहां विकलांग व्यक्ति अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें और मैदान पर और बाहर दोनों जगह क्रिकेट में उत्कृष्टता हासिल कर सकें।

**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-**

मो. +91 9887907277, 7737385114
Email ID
sabgurunews@gmail.com
अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.
जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)